आवश्यक

संख्या:94/2022/1677/12-2-2022-60(51)/2018

प्रेषक,

ऋषिरेन्द्र कुमार,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

समस्त जिलाधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

कृषि अनुभाग-2 लखनऊ: दिनांक: 17 नवम्बर, 2022

विषय: प्राइस सपोर्ट स्कीम (पीएसएस) के अन्तर्गत खरीफ सत्र 2022-23 में खरीद।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषय से संबंधित कृषि अनुभाग-2 के पत्र संख्या: जी.आई.-187/12-2-2022-60(51)/2018, दिनांक 29 सितम्बर, 2022 (छाया प्रति संलग्न) का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा भारत सरकार, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग (इनवेस्टमेन्ट एवं प्राइस सपोर्ट डिवीजन) कृषि भवन, नई दिल्ली के पत्र संख्या: एल-15016/71/2022-एमपीएस (FTS-117486) दिनांक 28 सितम्बर,2022 एवं पत्र संख्या: एल-15016/72/2022-एमपीएस (117488) दिनांक 29 सितम्बर, 2022 की प्रतियां (छायाप्रतियां संलग्न) प्रेषित करते हुए, उक्त पत्र में उल्लिखित तथ्यों के क्रम में पीएसएस गाइड लाइन्स का कड़ाई से अनुपालन कर मूंग, उड़द, तिल तथा मूंगफली के क्रय की कार्यवाही दिनांक 01 नवम्बर, 2022 से 29 जनवरी, 2023 तक सुनिश्चित करने का सहकारिता विभाग, पी0सी0एफ0 एवं पी0सी0यू0 से अनुरोध किया गया है।

2. प्रकरण में कृषि विपणन निदेशालय द्वारा प्रथम सप्ताह, माह नवम्बर, 2022 में पीएसएस की जिंसों (मूंग एवं अन्य) का थोक भाव उपलब्ध कराया गया है,जो कि संलग्नक के रूप में संदर्भन हेतु भेजा जा रहा है।

3. उपर्युक्त संलग्न सूची से विदित हो रहा है कि नवम्बर 2022, प्रथम सप्ताह में अधिकांश जनपदों में मूंग का थोक भाव एमएसपी से कम है। अत: इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि अपने जनपद में मूंग के थोक भाव की समीक्षा कर लें और मूंग का थोक भाव एमएसपी से कम होने पर मूंग के क्रय हेतु अपने जनपद में अधिक से अधिक क्रय केन्द्र खोले जाने के सम्बन्ध में शीघ्र आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराने का कष्ट करें, ताकि कृषकों को उनकी उपज का सही मूल्य मिल सके।

भवदीय,

ऋषिरेन्द्र कुमार
विशेष सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in

संख्या:94/2022/1677(1)/12-2-2022-60(51)/2018 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. प्रमुख सचिव, सहकारिता विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
2. प्रबंध निदेशक, पी0सी0एफ0, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
3. प्रबंध निदेशक,पी0सी0यू0, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
4. निदेशक, राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
5. कृषि निदेशक, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

आज्ञा से,

राधेश्याम
उप सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in